दिनांक: 8 फरवरी, 2022

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः दिनांक 9 फरवरी, 2022 से एन.एम.आर.सी. इंटर्नशिप कार्यक्रम के दूसरे बैच का प्रारम्भ।

वर्ष 2022 के लिए एन.एम.आर.सी. का इंटर्नशिप कार्यक्रम दिनांक 9 फरवरी 2022 से शुरु हो गया है। वर्ष 2022 के इंटर्नशिप सत्र के लिए कुल 105 छात्रों ने एन.एम.आर.सी. में पंजीकरण कराया है। यह एन.एम.आर.सी. के इंटर्नशिप का दूसरा बैच होगा। इसके पूर्व वर्ष 2021 में इंटर्नशिप के पहले बैच के दौरान एन.एम.आर.सी. के अधिकारियों द्वारा कुल 85 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया था। 8 हफ्ते तक की इंटर्नशिप प्रशिक्षण में छात्रों को केस स्टडीज, व्यावहारिक ज्ञान, अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इंटर्नशिप प्रशिक्षण विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों, एम.बी.ए., सी.ए., सी.एस. और अन्य स्नातकों के छात्रों को दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों के भीतर विभिन्न क्षेत्रों में कारपोरेट के वास्तविक माहौल से अवगत कराया जा रहा है और उनके विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने की कुशलता में वृद्धि होगी। छात्रों के उज्जवल भविष्य में इंटर्नशिप कार्यक्रम एक अहम भूमिका निभा सकती है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को एन.एम.आर.सी. 1000/- रूपये तक के मेट्रो कार्ड भी प्रदान करता है।

एन.एम.आर.सी. इंटर्नशिप के पंजीकरण लिंक एन.एम.आर.सी. की वेबसाईट www.nmrcnoida.com पर उपलब्ध है। इच्छुक छात्र आने वाले इंटर्नशिप सत्र के लिए अग्रिम पंजीकरण कर सकते हैं।

(रितु माहेश्वरी)
प्रबन्ध निदेशक
एन.एम.आर.सी.